# विषय : हिन्दी विशिष्ट  Set-C

निर्देश : (i) सभी प्रश्न हल कीजिए।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न **खण्ड-अ** तथा **खण्ड-ब** में विभक्त हैं। प्रत्येक खण्ड में 5 अंक निर्धारित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 7 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 2 अंक निर्धारित हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 8 से 13 तक लघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक निर्धारित हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग 75 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प दिया गया है। प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक निर्धारित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 20 से 22 तक एवं प्रश्न क्रमांक 25 के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए। इनमें विकल्प दिया गया है। प्रत्येक प्रश्न में 5 अंक निर्धारित हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 23 एवं 24 में 8-8 अंक निर्धारित हैं। प्रश्न क्रमांक 24 का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए। इसमें विकल्प दिया गया है।

1. **खण्ड (अ)** उचित सम्बन्ध जोड़िए :

| (क) | (ख) |
|---|---|
| (i) जयशंकर प्रसाद | - मुकुटधर पाण्डेय |
| (ii) महाकाव्य | - अवधी भाषा |
| (iii) मेघदूत का छत्तीसगढ़ी अनुवद | - छायावाद |
| (iv) राम का बाल सौंदर्य | - लाहौर |
| (v) डॉ. सुब्रह्मण्यम चन्द्रशेखर | - वीर रस |

**(खण्ड-ब)** सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) जिसके आने की तिथि मालूम न हो:

(अ) मेहमान  (ब) अतिथि

(स) आश्रित  (द) अद्वितीय

(ii) 'चितवन' शब्द का अर्थ है:

(अ) नजर  (ब) मन

(स) वन  (द) चीता

(iii) 'एक ओर अजगरहिं लखि एक ओर मृगराज' में रस है:

(अ) शोक  (ब) करुण

(स) वीर  (द) भयानक

(iv) भक्तिकाल का समय विक्रमी संवत् में होता है:

(अ) 1050 से 1375  (ब) 1900 से अब तक

(स) 1700 से 1900  (द) 1375 से 1700

(v) कथा उपन्यास-सम्राट कहा जाता है:

(अ) देवकीनंदन खत्री को  (ब) जयशंकर प्रसाद को

(स) मुंशी प्रेमचंद को  (द) आचार्य चतुरसेन शास्त्री को

2. 'उपमान' किसे कहते हैं? उदाहरण दीजिए।

3. 'किताबी कीड़ा होना' मुहावरा का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

4. मुक्तक काव्य रचयिता दो कवियों के नाम लिखिए।

5. गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर और डॉ. चन्द्रशेखर वेंकट रमन को किन क्षेत्रों में नोबेल पुरस्कार दिया गया?

6. 'सोरठा' की परिभाषा लिखिए।

7. शब्द-समूहों के लिए एक शब्द लिखिए:

(i) उपकार को मानने वाला

(ii) जानने की इच्छा रखने वाला

8. पेड़ों को उच्च आकांक्षाओं से युक्त कहकर कवि क्या भाव व्यक्त करना चाहता है?

9. द्विवेदी युग के गद्य की तीन विशेषताएँ लिखिए।

10. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कर लिखिए:

(i) वह विलाप कर रोने लगा।

(ii) सब ये काम करो।

(iii) वह कपड़ा का व्यापारी है।

11. मधुलिका बन्दी अरुण के पास जाकर क्यों खड़ी हुई?

12. द्वारपाल ने श्रीकृष्ण को सुदामा का परिचय किस रूप में दिया?

13. "राजपूतानी व्यापार नहीं करती।" पन्ना ने ऐसा क्यों कहा?

14. निम्नलिखित शब्दों का पूर्ण रूप लिखिए:

(i) आइ.सी. (I.C.)  (ii) आइ.यू. (I.U.)

(iii) ओ.यू. (O.U.)  (iv) सी.यू. (C.U.)

**अथवा**

उत्तर दिशा का ज्ञान कैसे प्राप्त किया जाता है? उत्तर दिशा की जानकारी हेतु छात्रों ने क्या सुझाव दिए?

15. अस्पृश्यता के संबंध में गाँधीजी के दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

मैया का पंचरंग श्रृंगार कैसे किया जाता है? इसमें शामिल किन्हीं चार रंगों के बारे में लिखिए।

16. गुरु घासीराम के किन्हीं चार उपदेशों को लिखिए।

**अथवा**

'पंडवानी' किसका छत्तीसगढ़ी संस्करण है? तीजन बाई किस शैली की गायिका हैं? दो पंडवानी गायकों के नाम लिखिए।

17. आचार्य रामचंद्र शुक्ल का परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए:

(i) दो रचनाएँ (ii) भाषा एवं शैली

(iii) साहित्य में स्थान

**अथवा**

डॉ. भगवतशरण उपाध्याय का परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए:

18. सुमित्रानंदन पंत का परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए:

(i) दो रचनाएँ (ii) दो प्रमुख काव्यगत विशेषताएँ

(iii) साहित्य में स्थान

**अथवा**

संत कबीर का परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए:

19. उदयसिंह को बचाने के लिए पन्ना ने क्या-क्या निर्णय लिए?

**अथवा**

मदर टेरेसा का संक्षिप्त परिचय दीजिए। उनके द्वारा किए गए सेवा एवं शांति संबंधी कार्यों का उल्लेख कीजिए।

20. मधुलिका की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

**अथवा**

'वर्षा सुन्दरी के प्रति' गीत में वर्षा और रूपसि में निहित समानताओं का उल्लेख कीजिए।

21. **निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या कर साहित्यिक सौंदर्य लिखिए:**

नीलांबर परिधान हरित पट पर सुंदर है,
सूर्य-चंद्र युग मुकुट, मेखला रत्नाकर है,
नदियाँ प्रेम प्रवाह, फूल तारे मंडन हैं,
बंदीजन खग-वृंद, शेषफन सिंहासन है,
करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस वेष की।
हे मातृभूमि! तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की॥

**अथवा**

कबहूँ ससि माँगत आरि करै, कबहूँ प्रतिबिंब निहारि डरै।
कबहूँ करताल बजाइ कै नाचत, मातु सबै मन मोद भरै॥
कबहूँ रिसिआइ कहैं हठि कै, पुनि लेत सोई जेहि लागि अरै।
अवधेस के बालक चारि सदा, तुलसी मन-मंदिर में बिहरै॥

22. **निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ-सहित व्याख्या कर साहित्यिक सौंदर्य लिखिए:**

''कंधे डाल दूँ तो गजब हो जाए, दुनिया लड़खड़ाकर गिर पड़े, जमाने का दौर बंद हो जाए। पर मैं कंधे नहीं डालता, न डालूँगा। मैंने निरंतर निर्माण किया है, विध्वंस न करूँगा। यदि करना हुआ तो पुनर्निर्माण करूँगा, जिसके लिए मुझे थकान नहीं महसूस होती, कभी अलकस नहीं लगती, रोआँ-रोआँ फड़कता रहता है।''

**अथवा**

''कर्म में आनंद का अनुभव करने वालों का ही नाम कर्मण्य है। धर्म और उदारता के उच्च कर्मों के विधान में ही एक ऐसा दिव्य आनंद भरा रहता है कि कर्त्ता को वे कर्म ही फलस्वरूप लगते हैं। अत्याचार का दमन और क्लेश का शमन करते हुए चित्त में जो उल्लास और तुष्टि होती है वही लोकोपकारी कर्मवीर का सच्चा सुख है।''

23. **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

''कला का कभी विभाजन नहीं हो सकता। फिर भी अभिव्यक्ति और अनुभूति की दृष्टि से कला के दो स्थूल रूप हैं— उपयोगी कला और ललित कला। उपयोगी कला हमारे व्यावहारिक जीवन की आवश्यकता को पूरा करती है। सुनार, कुम्हार, लुहार आदि इसी श्रेणी में आते हैं। ललित कला के द्वारा हमारे हृदय को आनंद प्राप्त होता है। यह आनंद हमें श्रवणेन्द्रिय और नेत्रेन्द्रिय द्वारा प्राप्त होता है। ललित कलाएँ पाँच हैं— वास्तुकला, मूर्तिकला, चित्रकला, संगीत और काव्य-कला। संगीत और काव्य का आनंद श्रवणेन्द्रिय से लिया जाता है।''

(i) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

(ii) कला के दो स्थूल रूप क्या हैं?

(iii) चित्रकला किस कला के अन्तर्गत आती है?

(iv) संगीत और काव्य का आनंद किससे लिया जाता है?

(v) व्यावहारिक जीवन की आवश्यकता पूरा करने वाली कला के नाम लिखिए।

24. अपने पिता को एक पत्र लिखिए, जिसमें आपकी अध्ययन सम्बन्धी समस्याओं का उल्लेख हो।

**अथवा**

स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (T.C.) प्राप्त करने हेतु अपने प्राचार्य को एक आवेदन-पत्र लिखिए।

25. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए:**

(i) स्वच्छ भारत अभियान

(ii) वृक्षारोपण

(iii) बेरोजगारी : कारण एवं निदान

(iv) विज्ञान: वरदान या अभिशाप

(v) जीवन में खेलों का महत्त्व